जयपुर की यादों में बसे पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह, विकास अध्ययन केंद्र में आज भी समर्पित है एक कमरा - DR MANMOHAN SINGH

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए जयपुर के विकास अध्ययन संस्थान में आज भी एक कमरा समर्पित है.

मनमोहन सिंह के लिए समर्पित कमरा (ETV Bharat Jaipur)

By ETV Bharat Rajasthan Team
Published : Dec 28, 2024, 6:00 PM IST

3 Min Read

जयपुर : पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंच तत्व में विलीन हो गए. नई दिल्ली में निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई, लेकिन कहते हैं ना कि कुछ खास लोग और उनकी यादों को कभी भी जहन से मिटाया नहीं जा सकता. डॉ. मनमोहन सिंह भी ऐसी ही शख्सियत रहे. यही वजह है कि आज भी जयपुर के झालाना स्थित विकास अध्ययन केंद्र में उनके नाम पर एक कमरा और कुर्सी रिजर्व है. ये कमरा उन्हें समर्पित किया गया है.

जयपुर की यादों में बसे पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह (ETV Bharat Jaipur)

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जयपुर से भी जुड़ाव रहा है. डॉ. सिंह 22 नवंबर 2002 से 14 जून 2004 तक विकास अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष रहे. इसी संस्थान में अध्यक्ष को आवंटित कमरे को बीते साल ही डॉ. मनमोहन सिंह की नेम प्लेट लगाकर उन्हें समर्पित किया गया था. अर्थशास्त्री डॉ. शब्द स्वरूप आचार्य के अनुसार डॉ. मनमोहन सिंह के अध्यक्ष रहते समय संस्थान ने आर्थिक नीति, जल नीति और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए समावेशी नीति पर काम किया.



लेटेस्ट
Mar 4, 2025, 12:36 PM IST - Videos
गुजरात के बाद अब उत्तर प्रदेश भी फ्रेंच फ्राइज करेगा एक्सपोर्ट, बिजनौर में होगा उत्पादन

जयपुर की यादों में बसे पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह (ETV Bharat Jaipur)

इसे भी पढ़ें- लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को बताया आर्थिक सुधारों का जनक, गहलोत, पायलट और शिवराज सिंह ने कही ये बात

विकास संस्थान में आवंटिक है कमरा : डॉ. शब्द स्वरूप आचार्य ने बताया कि एक बार डॉ. मनमोहन सिंह जयपुर आना हुआ, तब वो सुबह करीब 6:30 बजे जयपुर पहुंचे और 9 से 10 बजे उन्होंने मीटिंग ली. उस दौरान उन्होंने अपने ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था करने से भी इनकार कर दिया था. साथ ही कहा था कि वो इसी संस्थान में तैयार हो जाएंगे. इस दौरान उन्होंने ये भी हिदायत दी थी कि इस बैठक में कोई भी पॉलीटिकल पर्सन या मीडिया पर्सन न आए. इस दौरान उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया था, जिसकी तस्वीर उनकी याद में विकास अध्ययन संस्थान के मुख्य द्वार पर ही प्रदर्शित की गई है. वहीं, जो कमरा उनके लिए आवंटित किया गया, वहां डॉ. मनमोहन सिंह की याद में उन्हीं के द्वारा लिखी गई 'चेंजिंग इंडिया' किताब के सभी संस्करण को रखा गया है. इस कमरे को डॉ. मनमोहन सिंह को सम्मान देने के उद्देश्य से उन्हीं को समर्पित किया गया है.

जयपुर का विकास अध्ययन संस्थान (ETV Bharat Jaipur)

वहीं, राजस्थान से निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद डॉ. मनमोहन सिंह ने सांसद कोष से जयपुर के आदर्श नगर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का भी जीर्णोद्धार करवाया था. उन्होंने इस स्कूल के लिए 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी. इसके बाद इस स्कूल को हिंदी मीडियम से इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित किया गया. साथ ही इस राशि से स्कूल में फिजिक्स, बायो और वीआर लैब भी शुरू की गई. स्कूल की बदली हुई सूरत के कारण यहां छात्रों का नामांकन भी बढ़ा.

For All Latest Updates
Follow Us

TAGGED: विकास अध्ययन केंद्र जयपुर | ROOM DEDICATED TO MANMOHAN SINGH | EX PM MANMOHAN SINGH | मनमोहन सिंह के लिए समर्पित कमरा | DR MANMOHAN SINGH

ABOUT THE AUTHOR

ETV Bharat Rajasthan Team Follow +

Follow Us on Our Whatsapp Channel
Share This Article

संबंधित ख़बरें

पार्किंग के विवाद में खूनी संघर्ष,

विधानसभा में फिर गूंजी बाखासर में

राजसमंद में माइंस की लिफ्ट में

रिश्तों का कत्ल ! करौली में आपसी

Mar 4, 2025, 12:36 PM IST - Bharat
जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी, खुशी से झूमे पर्यटक

Mar 4, 2025, 12:31 PM IST - State
पार्किंग के विवाद में खूनी संघर्ष, तलवार से हमला, नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी गंभीर घायल

Mar 4, 2025, 12:28 PM IST - Videos
वनतारा में पीएम मोदी शावकों को दुलारते दिखे, देखें पूरा वीडियो

Mar 4, 2025, 12:17 PM IST - Bharat
बर्दवान मेडिकल कॉलेज में इंजेक्शन लगाने के बाद कई महिलाएं बीमार, परिजनों में आक्रोश

ख़ास ख़बरें


प्रतिभा
क्या है NEET-UG 2025 परीक्षा के लिए आवेदन करने की लास्ट डेट? कब जारी होगा एडमिट कार्ड और कैसे करें अप्लाई?
3 Min Read | Mar 3, 2025

राज्य
दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे: देश की पहली 8 लेन की टनल होगी पूरी तरह आधुनिक, AI मॉनिटरिंग समेत इन सुविधाओं से होगी लैस
7 Min Read | Mar 3, 2025

लाइफ़स्टाइल
तेजी से वजन कम करने के लिए इन सुझावों का जरूर पालन करें
3 Min Read | Mar 3, 2025

राज्य
कोटा में कोचिंग की ये खासियतें बनाती हैं इसे 'सुपर', हर साल लाखों बच्चे संवारने आते हैं यहां 'भविष्य'
7 Min Read | Mar 1, 2025

तलवार से हमला, नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी गंभीर घायल

सूखा बंदरगाह बनाने की मांग, चौहटन MLA ने उठाई आवाज

लगी आग, दूर-दूर तक उठती दिखी लपटें

विवाद में भाई ने की भाई की हत्या, आरोपी फरार